कोटा विश्वविद्यालय, कोटा

महाराव भीमसिंह मार्ग, कबीर सर्किल के पास, कोटा (राज.)

क्रमाँक एफ ( )/दीक्षान्त–2018/कोविको/2018/ दिनाँकः–

अधिसूचना

विश्वविद्यालय का पंचम दीक्षान्त समारोह बुधवार दिनाँक 04.04.2018 को दोपहर 01.00 बजे विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित स्थान यू.आई.टी. ऑडिटोरियम, मेडिकल कॉलेज के पास, बालाजी नगर, कोटा में आयोजित होगा। दीक्षान्त समारोह में सम्मिलित होने के लिये प्रबन्ध मण्डल, विद्या परिषद् के माननीय सदस्यों, विभिन्न संकायों के अधिष्ठाताओं तथा विश्वविद्यालय की वर्ष 2016 की विभिन्न परीक्षाओं में योग्यता क्रम (Order of Merit) में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले एवं विद्यावाचस्पति (पीएच.डी.) धारक विद्यार्थियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वे दीक्षान्त समारोह के समय उपस्थित होने का कष्ट करें।

दीक्षान्त समारोह के कार्यक्रम का विस्तृत विवरण एवं अन्य जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाईट http://www.uok.ac.in/ पर उपलब्ध है।

ह०

कुलसचिव

क्रमाँक एफ ( )/दीक्षान्त–2018/कोविको/2018/ 9792-9804 दिनाँकः– 13.03.18

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. अतिरिक्त मुख्य सचिव, महामहिम राज्यपाल एवं कुलाधिपति (कोटा विश्वविद्यालय, कोटा), राजभवन, जयपुर।
2. निजी सचिव, माननीय मंत्री, उच्च शिक्षा, राजस्थान सरकार, शासन सचिवालय, जयपुर।
3. माननीय सदस्यगण, प्रबन्ध–मण्डल एवं विद्या–परिषद् तथा अधिष्ठाता–कला, सामाजिक विज्ञान, वाणिज्य, विज्ञान, विधि एवं शिक्षा को भेजकर अनुरोध है कि दीक्षान्त समारोह से एक दिन पूर्व अर्थात मंगलवार दिनाँक 03.04.2018 को दोपहर 2.00 बजे दीक्षान्त समारोह से पूर्व होने वाले पूर्वाभ्यास में सम्मिलित होने का कष्ट करें।
4. समस्त आचार्य/विभागाध्यक्ष/समन्वयक, कोटा विश्वविद्यालय, कोटा।
5. डीन, पी.जी. स्टडीज/निदेशक– शोध, कोटा विश्वविद्यालय, कोटा।
6. वित्त नियंत्रक/परीक्षा नियंत्रक, कोटा विश्वविद्यालय, कोटा।
7. प्राचार्य, विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय, कोटा विश्वविद्यालय, कोटा।
8. वेबमास्टर, कोटा विश्वविद्यालय, कोटा को भेजकर लेख है कि उक्त अधिसूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर शीघ्र अपलोड करें।
9. समस्त उपकुलसचिव/सहायक कुलसचिव, कोटा विश्वविद्यालय, कोटा।
10. समस्त अनुभाग अधिकारी/निजी सहायक, कुलसचिव, कोटा विश्वविद्यालय, कोटा।

संदीप चौधरी

कुलसचिव